प्रधान मंत्री ने नॉर्थ एवेन्यू में संसद सदस्यों के लिए 36 नव-निर्मित डुप्लेक्स फ्लैटों का उद्घाटन किया

नई दिल्ली, 19 अगस्त 2019 : प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज शाम नॉर्थ एवेन्यू में संसद सदस्यों के लिए 36 नव-निर्मित डुप्लेक्स फ्लैटों का उद्घाटन किया। लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला; केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री, कोयला मंत्री और खान मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी; राज्य सभा के उप-सभापति श्री हरिवंश; आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री और नागर विमानन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्री हरदीप पुरी; आवास समिति (लोक सभा) के सभापति श्री सी.आर. पाटील; आवास समिति (राज्य सभा) के सभापति श्री ओम प्रकाश माथुर; कई अन्य केंद्रीय मंत्री, संसद सदस्य और अन्य गण्यमान्य व्यक्ति भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

डुप्लेक्स फ्लैटों का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि लोक सभा के नव-निर्वाचित सदस्यों को सामान्य रूप से आवास की समस्या का सामना करना पड़ता है और उनके रहने की व्यवस्था होटलों इत्यादि में की जाती है। इन फ्लैटों से सदस्यों की आवास संबंधी जरूरतों को पूरा करने में अब मदद मिलेगी। श्री मोदी ने निर्धारित समय सीमा के भीतर इस परियोजना को पूरा करने और अच्छी सुविधाओं की गुणवत्ता से समझौता किए बिना बजट में ही पूरा करने पर इससे जुड़ी एजेंसियों को बधाई दी। श्री मोदी ने आगे कहा कि ऐसा लगता है कि संसद भवन की भव्यता को बनाए रखने के लिए नई सुविधाएं मुहैय्या कराने के लिए इसका नवीनीकरण किया जाना चाहिए अथवा वर्ष 2022 में राष्ट्र के 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक नया संसद भवन बनाया जाना चाहिए। श्री मोदी ने सदस्यों, दल के नेताओं और पीठासीन अधिकारियों को संसद के पहले उत्पादक सत्र के लिए बधाई दी है।इससे पहले, इस अवसर पर बोलते हुए लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने 36 डुप्लेक्स फ्लैटों का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया, जिसका शिलान्यास पूर्व लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने किया था। श्री बिरला ने कहा कि यह परियोजना 2 साल के निर्धारित समय से पहले ही पूरी कर ली गई है और आगे बताया कि ये फ्लैट एलईडी लाईट, सौर ऊर्जा और वर्षा जल संचय आदि जैसी आधुनिक सुविधाओं से युक्त हैं।

नॉर्थ-साउथ एवेन्यू में संसद सदस्यों के लिए 1951-52 में निर्मित मौजूदा फ्लैट काफी पुराने हो गये थे और टूट-फूट, सीपेज तथा पानी की पाइपलाइनों के खस्ताहाल हो जाने के कारण उनकी बार-बार मरम्मत करनी पड़ती थी। इसके अलावा, ये फ्लैट एक जैसे नहीं थे, इनमें आधुनिक सुविधाओं का भी अभाव था और इनके रखरखाव पर बहुत अधिक खर्च आ रहा था। इसलिये, सांसदों के लिए मकानों की कमी पूरी करने के लिए नॉर्थ/साउथ एवेन्यू के पुनर्निर्माण की जरूरत महसूस हुई। आवास समिति, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय तथा केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के संयुक्त प्रयासों से इस पुनर्निर्माण परियोजना का पहला चरण समय पर पूरा कर लिया गया है और अब राज्य सभा और लोक सभा की आवास समितियां संसद सदस्यों को इन टाईप-VII फ्लैटों का आबंटन करेंगी।